an>

Title: Regarding incident of theft of 363 year old, valuable from historic Raghunath temple of Kullu, Himachal Pradesh.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी) : महोदय, मैं आपका ध्यान मंडी संसदीय क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूँ। जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक रघुनाथ मन्दिर से 363 साल पुरानी बेशकीमती मूर्तियाँ 08 दिसम्बर, 2014 की रात्रि को चोरी हो गई हैं। इस घटना से प्रदेश में देव आस्था पर गहरा आघात लगा है। ये मूर्तियाँ अयोध्या से लाई गई थीं। देव समाज में यह बहुत बड़ी घटना है, जिसके फलस्वरूप देव समाज का पूरा इतिहास गायब होने के कगार पर है। ये मूर्तियाँ भगवान श्री राम ने स्वयं अपने हाथों से अश्वमेघ यज्ञ के दौरान बनाई थीं। विश्वविख्यात कुल्लू का अन्तर्राष्ट्रीय दशहरा भगवान श्री रघुनाथ जी की पूजा अर्चना के उपरान्त ही आरम्भ होता है, जिस पर अब प्रश्नचिन्ह लग चुका है। चार दिन से मूर्तियाँ चोरी होने की खबर सुनकर पूरा कुल्लू बाजार बन्द रहा है। कई लोग इस शोक से उबर नहीं पा रहे हैं।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना है की श्री रघुनाथ मन्दिर की ऐतिहासिक मूर्तियाँ भारत से बाहर न जाने पायें और जल्द से जल्द इन शातिर चोरों को पकड़ने की विशेष व्यवस्था करने की कृपा करें। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।